भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 968

24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

योग हेतु राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना

968. श्री दर्शन सिंह चौधरी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में योग, प्राकृतिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं;

(ख) क्या उक्त संसदीय क्षेत्र में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के एक उत्कृष्ट अनुसंधान संस्थान (उत्कृष्टता केंद्र/राष्ट्रीय संस्थान) स्थापित करने हेतु सरकार को कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है या ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस संस्थान में अनुसंधान, नैदानिक सेवाओं, शिक्षा, प्रशिक्षण, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, योग थेरेपी और जन जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन के लिए आवश्यक वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो प्रस्तावित कार्य योजना, अनुमानित लागत, समय-सीमा और अपेक्षित लाभों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): वर्तमान में, होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में योग, प्राकृतिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कोई राष्ट्रीय स्तर का अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान नहीं है और उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के लिए एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान (उत्कृष्टता केन्द्र/राष्ट्रीय संस्थान) की स्थापना के लिए आयुष मंत्रालय में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) से (ङ): उपर्युक्त बिन्दु (क) और (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****